न्यायालय परगनाधिकारी धामपुर ।

वाद सं0 40/2010-11 — धारा:—143 ज0वि0अधि0 ।
परगना:—स्योहारा । — मौजा:—बगवाड़ा ।
राजपाल सिंह — बनाम — उ0 प्र0 सरकार

नकल :— **आदेश** दिनांक 11-3-11, S.D.O (D)

आज यह पत्रावली प्रस्तुत हुई जिसका अवलोकन किया गया। राजपाल सिंह पुत्र रघुवीर सिंह, नि0 ग्रा बगवाड़ा, परगना स्योहारा, हाल निवासी टीचर्स कालोनी, धामपुर के द्वारा धारा 143ज0वि0अधि0 के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर कहा गया कि भूमि स्थित मौजा बगवाड़ा, परगना स्योहारा तहसील धामपुर के खाता सं0 154 के ख0सं0 237 रकबई 1.912 है0 लगान रू0 95.00 के भूमिधर एवं मालिक व काबिज है। प्रार्थी की इस भूमि में वर्तमान में मतस्य पालन, खेती, बागवानी, कुक्कुटपालन आदि का कार्य नही हो रहा है और उक्त भूमि अकृषिक प्रयोजन में आ रही है जिसके कारण उक्त आराजी को अकृषिक भूमि घोषित किया जाकर राजस्व अभिलेखों में अंकन कराया जायें । प्रार्थना पत्र जॉच हेतु तहसीलदार धामपुर को भेजा गया ।

तहसीलदार धामपुर की जॉच आख्या दिनांक 17–02–11 मय प्रपत्र 135, सी0एच0–45,खतौनी की प्रति, खसरे की प्रति, नजरी नक्शा आदि अभिलेखों सहित प्राप्त हुई जिसमें उल्लेख किया गया है कि ग्राम बगवाड़ा परगना स्योहारा, तहसील धामपुर की वर्तमान खतौनी 1413फ0–1418फ0 के खाता सं0 154 का ख0सं0 237 क्षेत्रफल 1.912 है0 लगान रू0 95.00 श्रेणी–1(क) संक्रमणीय भूमिधर के रूप में राजस्व अभिलेखों में अंकित है तथा उक्त भूमि में कृषि कार्य, कुक्कुट पालन, मत्स्य पालन, पशुपालन तथा बागवानी आदि का कार्य नही हो रहा है और मौके पर लक्ष्य टेक्नोलोजी कालेज का भवन निर्माणाधीन है व भूमि पूर्ण रूप से अकृषिक हो गई एवं खेती की सम्भावना नही है।

मेरे द्वारा तहसीलदार धामपुर की रिपोर्ट सहित पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेखों का अवलोकन एवं परिशीलन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेखों, नजरी नक्शा एवं तहसीलदार धामपुर की रिपोर्ट दि0 17–02–11 के आधार पर ग्राम बगवाड़ा, परगना स्योहारा तहसील धामपुर के खाता सं0 154 के ख0सं0 237 रकबई 1.912 है0 लगान रू0 95.00 पैसे को "अकृषिक भूमि" घोषित किया जाता है। वाद दर्ज रजिस्टर किया जाकर आदेश की एक प्रति तहसीलदार धामपुर को राजस्व अभिलेखों में वांछित अंकन कराये जाने एवं एक प्रति उपनिबन्धक धामपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाये। समस्त औपचारिकताऐ पूर्ण करने के उपरान्त पत्रावली दाखिल दफ्तर की जाये।

दिनांक:– 11 –03–2011 — (रमेशचन्द्र) परगनाधिकारी, धामपुर।

16-3-11
16-3-11